# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे ''मिशन शक्ति अभियान-4'' के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

''मिशन शक्ति अभियान-4'' व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 03.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को ''मिशन शक्ति'' व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ''एंटी रोमियो स्क्वायड'' टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 03.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3). आज दिनाँक 03.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा धारा 87,137(2) बीएनएस (363/366 आईपीसी) के अभियोगो मे बरामदगी हेतु शेष गुमशुदा/अपहृत/अपहृता के विवेचको की पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार मे गोष्ठी की गयी। समीक्षा गोष्ठी मे पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियोगवार से सम्वन्धित विवेचको से विवेचना की प्रगति पूछी गयी तथा बरामदगी को शेष गुमशुदा/अपहृत/अपहृता की शीघ्रातिशीघ्र बरामदगी करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन कर दिशा निर्देश दिये गये।**
**गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल ,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह ,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव सिंह ,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह व सभी विवेचकगण उपस्थित रहे।**

**(4).आज दिनाँक 03.05.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा थाना मारकुण्डी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया,** निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अभिलेखों, मैस, बैरिक,हवालात, CCTNS,महिला/साइबर हेल्प डेस्क, बीट बुक आदि को चैक कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।
**निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी श्री शिवआसरे, वरिष्ठ उ0नि0 श्री शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**

**(5). आज दिनाँक 03.05.2025 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी०एन० व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कृषि भवन कर्वी में किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।**
**जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने भूमि सम्बन्धित मामलों पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये।**
**इस दौरान उप जिलाधिकारी सुश्री पूजा साहू,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं राजस्व,पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।**

**(6). आज दिनाँक 04.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मऊ में किया गया। महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।**

महोदय द्वारा कहा गया कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि सम्बन्धी मामलों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये।

इस दौरान उप जिलाधिकारी मऊ श्री सौरभ यादव एवं राजस्व,पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

(7). आज दिनाँक 03.05.2025 को मंडलाआयुक्त श्री अजीत कुमार पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मानिकपुर में किया गया। महोदय ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, उन समस्याओं के निस्तारण से समस्या ग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भूमि सम्बन्धित मामलों पर उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये। तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा महोदय द्वारा थाना मानिकपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना परिसर की साफ सफाई कराने,मालखाना में रखे शस्त्रो को समय समय पर साफ सफाई कराने,महिला हेल्प डेस्क में आये हुए प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत समय से निस्तारण कराने,थाना कार्यालयों में रजिस्टरों का उचित रख रखाव व अध्यावधिक एवं हवालात को प्रतिदिन साफ सफाई कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिये साथ ही थाना मानिकपुर में सैनिक सम्मेलन कर अधिकारी/कर्मचारीगण की समस्याओं की जानकारी कर सम्बन्धित को उचित निस्तारण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान उप जिलाधिकारी मानिकपुर श्री मो0 जसीम, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,पेशकर सर श्री विनोद कुमार प्रजापति,प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्ग विजय सिंह व राजस्व/पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(8). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय एवं पैरोकार महिला आरक्षी कृष्णा गौतम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश जे0 एम0 मऊ जनपद चित्रकूट श्री एस0 आनंद द्वारा आज दिनाँक 03.05.2025 को थाना मऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 202/2017 धारा 279,337,338 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त रामनरेश पुत्र चंद्रपाल निवासी छिवलहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 2500/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(9). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय एवं पैरोकार महिला आरक्षी कृष्णा गौतम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश जे0 एम0 मऊ जनपद चित्रकूट श्री एस0 आनंद द्वारा आज दिनाँक 03.05.2025 को थाना मऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 83/2022 धारा 279,427भादवि0 के आरोपी अभियुक्त संजय साकेत पुत्र राजाराखन निवासी नयागांव खरारी थाना सगरा जनपद रीवा को 1500/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(10). श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह एवं पैरोकार आरक्षी विवेक कुमार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश ग्राम न्यायालय मानिकपुर श्री अंशुमान यादव द्वारा आज दिनाँक 03.05.2025 को थाना मानिकपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 156/23 धारा 323,504,506 भादवि0 की आरोपी अभियुक्ता फूलमती पत्नी जगरनाथ निवासी हनुवा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 1250/- रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

(11). दिनाँक 04.05.025 को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा-2025 को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचितापूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नीट परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारीगण की ब्रीफिग की गयी। महोदय द्वारा ड्यूटी में लगे सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर समय से पहुँचने व मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने हेतु कहा गया जो भी पुलिसकर्मी परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वारों पर लगे है प्रातः 10:00 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेगें उनके द्वारा अभ्यर्थियों की सघन तलाशी की जाएगी जो परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समाप्ति तक उपस्थित रहकर परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाना सुनिश्चित करेंगे,परीक्षा केन्दों में चेकिंग फिक्सिंग में लगी पुलिस बल यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ जो सामग्री परीक्षा केन्द्र के अन्दर ले जाना वर्जित है जैसे सादे पेपर,पेंसिल बॉक्स,कैलकुलेटर,चश्मा,टोपी,ज्वेलरी फूडआइटम्स मोबाइल यूएसबी,कैमरा,घड़ी,ब्लूटूथ,डिजिटल पेन,हैंड बैंड कॉपी किताब, बैक नोट्स ब्रीफकेस खाद सामग्री जैसे वहां गुटखा,इलायची आदि लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं कर पाए सात ही यह सुनिश्चित करेंगे कि अभ्यर्थी की प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड,वोटर आईडी,पैन कार्ड पासपोर्ट केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र आदि में से कोई एक अपने साथ अवश्य लेकर प्रस्तुत करने के उपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दें।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी कार्यालय/लाइन्स/यातायात श्री फहद अली,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

**(12). आज दिनाँक 03.05.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु रेलवे स्टेशन मानिकपुर में पैदल गस्त किया गया तत्पश्चात जीआरपी थाना मानिकपुर,आरपीएफ थाना मानिकपुर का निरीक्षण कर थाना कार्यालयों में रजिस्टरों का उचित रख रखाव व अध्यावधिक एवं हवालात को प्रतिदिन साफ सफाई कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।**